(दिल्ली राजपत्र भाग–IV असाधारण में प्रकाशनार्थ)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
भूमि एवं भवन विभाग
विकास भवन, आई0पी0 एस्टेट, नई दिल्ली
( भूमि अधिग्रहण शाखा)

अधिसूचना

दिनांक....15.... दिसंबर, 2023

**फा0सं 09(8)/भूमि एवं भवन/भू0अधि0/2022/8213** :गृहमंत्रालय, भारत सरकार की दिनांक 21 अक्टूबर, 2014 की अधिसूचना सं0 एस0ओ0 2740 (ई),दिनांक 21 जुलाई, 2015 की अधिसूचना सं0 एस0ओ0 2004 (ई) के साथ पठित तथा इस सरकार की दिनांक 13 जून, 2017 की अधिसूचना सं0 फा0 8/2/9/2015 **भूमि एवं भवन/भू0अधि0**/2373 द्वारा जारी भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास तथा पुनःस्थापन (सामाजिक प्रभाव, आंकलन, अनुज्ञा) में उचित प्रतिपूर्ति एवं पारदर्शिता का अधिकार नियमावली, 2014 के नियम 4 के उप–नियम (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल, एतद् द्वारा मानव पारिस्थितिकी विद्यालय, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, लोथियनरोड, कश्मीरीगेट, दिल्ली 110006 को नजफगढ अपवाहिका पर आरडी 14468एम के ऊपर 4 लेन आरसीसी पुल का निर्माण करने के प्रयोजनार्थ भूमि अधिग्रहण हेतु सामाजिक प्रभाव आंकलन अध्ययन तथा सामाजिक प्रभाव आंकलन प्रतिवेदन तैयार करने के लिए एक संगठन के रूप में स्थापित करते हैं एवं दक्षिण–पश्चिम राजस्व जिले के ग्राम बदुसराय में अपेक्षित भूखंड का अधिग्रहण करने का प्रयोजन रखते हैं।

यह मानव पारिस्थितिकी विद्यालय, अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली, लोथियनरोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006 भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनःस्थापन में उचित प्रतिपूर्ति एव पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से छह माह की अवधि के भीतर सामाजिक प्रभाव आंकलन का अध्ययन करेगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल
के आदेश से तथा उनके नाम पर,

(अशोक कुमार यादव )
उप–सचिव (भूमि एवं भवन)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

फा0सं09(8) / भूमि एवं भवन / भू0अधि0 / 2022 / 8013 - 23    दिनांक 15 दिसंबर, 2023

प्रतिलिपि निम्न को अग्रसारित:–

1. प्रधान सचिव, उपराज्यपाल, राजनिवास, दिल्ली–110054
2. स्टॉफ अधिकारी, मुख्य सचिव, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110002
3. एस0 ओ0, अपर मुख्य सचिव (भूमि एव भवन), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, विकास भवन, नई दिल्ली–110002
4. जिला मजिस्ट्रेट (मुख्यालय–1), 5, शामनाथ मार्ग, दिल्ली–110054
5. जिला मजिस्ट्रेट (दक्षिण–पश्चिम), जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (दक्षिण–पश्चिम), डी0सी कार्यालय परिसर, ओल्ड टर्मिनल टैक्स भवन, कापसहेड़ा, नई दिल्ली–110037
6. अपर जिला मजिस्ट्रेट (दक्षिण–पश्चिम), जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय (दक्षिण–पश्चिम), कार्यालय परिसर, ओल्ड टर्मिनल टैक्स भवन, कापसहेड़ा, दिल्ली–110037
7. उप–सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार आई0पी एस्टेट, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–110002 को दिल्ली राजपत्र में प्रकाशन हेतु।
8. कार्यकारी अभियंता, सिविल प्रभाग संख्या–1, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, बसईदारापुर कार्यालय परिसर, नई दिल्ली–110027
9. निजी सचिव, मण्डलीय आयुक्त, 5, शामनाथमार्ग, दिल्ली–110054
10. डॉ0 बुद्धादित्यादास, मानव पारिस्थितिकी विद्यालय, अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लोथियन रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006
11. प्रणाली विश्लेषक, (भूमि एवं भवन) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार विकास भवन, नई दिल्ली –110002 को अनुरोध के साथ कि अधिसूचना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करें

( अशोक कुमार यादव )
उप–सचिव (भूमि एवं भवन)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार